**AMAR UJALA, NOIDA, 28.5.2019**
Page No. 2, Size:(6.46)cms X (9.99)cms.

# चारों मेट्रो फीडर बस सेवा की नई समय सारिणी

ग्रेटर नोएडा। नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) की चार मेट्रो फीडर बस सेवा के लिए दादरी बस अड्डे से बोटेनिकल गार्डन (नोएडा सेक्टर-37) के लिए नई समय सारिणी तय की गई है। दादरी बस अड्डे से प्रस्थान सवेरे 7.30, 8.10, 9.10, 9.50 और 10.50 बजे पर होगा।

शाम की सेवा का समय 4.00, 5.00, 5.40, 6.40, 7.20 व 8.20 बजे होगा। रात में दादरी बस अड्डे से 8.40 व 9.40 बजे मेट्रो डिपो जाने वाली शटल बसों के माध्यम से फेस-2 नोएडा तक पहुंचना आसान होगा। फिलहाल यह सारी सेवाएं फाइव-डे वीक के तहत कुल फाइव वर्किंग डेज में ही दादरी बस अड्डे से उपलब्ध हैं। आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. आनंद आर्य ने बताया कि मेट्रो फीडर बस सेवा को जनहित में सातों दिन चलाने का अनुरोध ओएसडी राजेश पाठक से किया गया है। इसको लेकर उनके द्वारा यात्री बढ़ने पर सेवा को सातों दिन करने का आश्वासन मिला है। ब्यूरो